हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

02 सितंबर 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार:

1. हरियाणा ने वर्तमान वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में राज्य जीएसटी संग्रह में 29 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की ।

2. हरियाणा सरकार ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विस्तार के दूसरे चरण की योजना तैयार की, 505 नए बेड जोड़े जाएंगे।

3. हरियाणा में नाबार्ड के सहयोग से 582 विलेज नॉलेज सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

4. हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सफाई कर्मचारियों की मांगें स्वीकार करने की घोषणा की, कहा- वेतन वृद्धि और अन्य लाभ के साथ 60 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा दी जाएगी।

5. हरियाणा सरकार ने जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण संशोधन अधिनियम 2024 लागू किया।

6. नूंह जिले के कोलगाम, जलालपुर-फिरोजपुर और ख्वाजली कलां में नए उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने को मंजूरी दी ।

---------------------------------------------

हरियाणा ने वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में राज्य जीएसटी संग्रह में 29 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है, जो देशभर में सर्वाधिक है। इस अवधि के दौरान प्रदेश का राज्य जीएसटी संग्रह बढ़कर 24,662 करोड़ रुपये हो गया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अगस्त माह में राज्य को राज्य वस्तु एवं सेवा कर से 4,982 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के मुकाबले 21 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, वर्तमान वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में प्रदेश के वैट और केंद्रीय सेवा कर संग्रह में भी 13.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

---------------------------------

हरियाणा सरकार ने करनाल स्थित कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विस्तार के दूसरे चरण की योजना तैयार की है। इस पर 404 करोड़ 95 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई राज्य वित्त समिति की बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा की गई। दूसरे चरण में अस्पताल में 505 नए बेड जोड़े जाएंगे, जिससे कुल बेड क्षमता 600 से बढ़कर 1100 हो जाएगी। साथ ही मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की दाखिला सीट भी 120 से बढ़ाकर 250 सीट करने का प्रस्ताव है। अस्पताल में ट्रामा सेंटर, बर्न यूनिट, आईसीयू, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, मनोरोग विभाग और हेलीपैड जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इसके अलावा, संस्थान में 169 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से नए छात्रावास और आवासीय परिसरों का निर्माण भी जारी है।

-------------------------------------

हरियाणा सरकार नाबार्ड के सहयोग से प्रदेश में 582 'विलेज नॉलेज सेंटर' स्थापित करेगी, जिस पर 514 करोड़ 53 लाख रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई राज्य वित्त समिति की बैठक में ग्रामीण विकास को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक केंद्र लगभग 88 लाख 33 हजार रुपये की लागत से एक 'ऑल-इन-वन' सहायता केंद्र के रूप में विकसित होगा। यहाँ ग्रामीणों को सरपंच कार्यालय, सामुदायिक सलाहकार केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी और बैठक कक्ष जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने इन केंद्रों में पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चबूतरे के साथ छायादार पेड़ लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

-------------------------------------

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने घोषणा की है कि सफाई कर्मियों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा दी जाएगी, साथ ही वेतन वृद्धि और अन्य लाभ भी मिलेंगे। आज चंडीगढ़ में मीडिया के साथ बातचीत में उन्होंने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने उनकी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

मंत्री विपुल गोयल ने सफाई कर्मियों को प्रदेश की स्वच्छता व्यवस्था का अहम हिस्सा बताते हुए उनसे तुरंत हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की अपील की है।

-----------------------------------------

हरियाणा सरकार ने राज्य में जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 को लागू कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य 'व्यापार में सुगमता' को बढ़ावा देना, नियमों को सरल बनाना और अनुपालन के अनावश्यक बोझ को कम करना है।

नए संशोधनों के तहत छोटे-मोटे उल्लंघनों के लिए कानूनी कार्रवाई के स्थान पर वित्तीय जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है, जबकि बिना मंज़ूरी के औद्योगिक इकाइयां चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नए दिशानिर्देशों को प्रभावी रूप से लागू करेगा। राज्य सरकार ने सभी औद्योगिक इकाइयों और स्थानीय निकायों से नियमों का पालन करने और नदियों को स्वच्छ रखने की अपील की है।

---------------------------------------------

हरियाणा सरकार ने नूंह जिले के तीन गांवों—कोलगांव, जलालपुर फ़िरोज़पुर और खवाजलि कलां में नए उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने चंडीगढ़ में कहा कि इन केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीणों को गांव के स्तर पर ही नियमित स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक इलाज, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों के टीकाकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

-------------------------------------------

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा है कि हरियाणा सरकार किसानों के कल्याण और समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है। अंबाला में आयोजित किसान जागरूकता शिविर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए बेलर और सुपर सीडर जैसी कृषि मशीनों पर भारी सब्सिडी दे रही है। साथ ही, फसलों की खरीद का भुगतान भी सीधे किसानों के खातों में भेजा जा रहा है। श्री गोयल ने बताया कि प्रदेश के किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अम्बाला के लिए नया दुग्ध संयंत्र भी स्वीकृत किया गया है।

--------------------------------

हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खिचड़ ने कहा कि हरियाणा में मानसून की सक्रियता फिर से बढ़ेगी।

---------------------------------------

पंचकूला के बरवाला स्थित अलीपुर औद्योगिक क्षेत्र में आज पीसीबी चिप बनाने वाली कंपनी आईसीएल के दो यूनिटों में भीषण आग लग गई। हादसे में फैक्ट्री मालिक का करोड़ों रुपये का सामान और मशीनरी जलकर खाक हो गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

पंचकूला, चंडीगढ़, डेराबस्सी और नारायणगढ़ की 15 दमकल गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसे आसपास की फैक्ट्रियों में फैलने से रोक लिया।

-----------------------------------------------------

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कुरुक्षेत्र के ईशरगढ़ और शंकर कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से ईशरगढ़, शंकर कॉलोनी, छारपूरा और मुकरपुर गांवों में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपये देने का ऐलान किया।

=====================================